जैसा मैंने पहले कहा कि जो इमदाद करने वाले लोग हैं, लागू करने वाले लोग हैं, अगर उन वर्गों के साथ उनका कमिटमैंट नहीं है, वचनबद्धता नहीं है, प्रतिबद्धता नहीं है, तो मैं समझता हूं कि उन वर्गों के साथ किसी भी कीमत पर इंसाफ नहीं हो सकता। दूसरा निवेदन मैं यह करना चाहता हूं कि पूरे समाज में एक मनोवैज्ञानिक प्रभा व बना दिया गया है कि अनुसूचित जाति और जनजातियों की समस्या सिर्फ आरक्षण तक सीमित है। मैं समझता हूं कि यह बात ठीक नहीं है। आरक्षण का मुद्दा एक अलग सवाल है। अनूसूचित जाति और जनजाति के लोगों की जब तक माली हालत नहीं सुधरेगी, जब तक उनके परम्परागत उद्योगों को संरक्षण नहीं दिया जायेगा, जब तक भूमि सुधार का काम हमारे देश में तेजी से नहीं होगा, तब तक उनका कल्याण नहीं हो सकता । असल सवाल आत्मविश्वास का है और आत्मविश्वास आत्मनिर्भर बनने से पैदा होता है। उस दिशा में सार्थक प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। मैं सरकार के बारे में नहीं कहना चाहता लेकिन एक बात जरूर कहना चाहता हूं कि प्रथम पंचवर्षीय योजना से लेकर नौवीं पंचवर्षीय योजना तक, लाइब्रेरी से निकलवा लीजिए या आपके डिपार्टमैंट में मौजूद होगा, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के कल्याण के लिए जो दौलत आवंटित की गई थी, मैं समझता हूं कि पहली पंचवर्षीय योजना में एक परसेंट भी नहीं है। जिस तरह उन वर्गों के कल्याण के लिए धन का आवंटन होना चाहिए था, प्रारंभ से ही उन वर्गों के कल्याण के लिए उस मात्रा में धन का आवंटन नहीं हुआ। इसलिए आज आवश्यकता इस बात की है कि हम जिस तरह अनुपात बढ़ाते जा रहे हैं, उसी अनुपात से दौलत का भी आवंटन करें और देखें कि उस दौलत का सही इस्तेमाल हो रहा है या नहीं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब हम शिक्षा की बात करते हैं, मैं बड़ी वेदना के साथ कहना चाहूंगा और मुझे कहने में कोई संकोच नहीं है कि इस आरक्षण का लाभ अब चंद लोगों को ही मिल रहा है। आरक्षण का मतलब यह है कि पहले बच्चों को आरक्षण का पात्र बनाएं। जब बच्चा तालीम हासिल नहीं करेगा, मैं अनुसूचित जाति, जनजाति की बात नहीं कह रहा हूं, हर वर्ग के 87 प्रतिशत बच्चे इंटरमीडिएट की परीक्षा तक जाते-जाते बैठ जाते हैं क्योंकि उनके मां-बाप की हैसियत नहीं है कि वे अपने बच्चों को बेहतर तालीम दे सकें। अनुसूचित जाति और जनजाति में आरक्षण का लाभ भी उन्हीं वर्गों को मिलेगा जिनकी माली हालत ठीक होगी। सही मायने में जिसको मदद पहुंचनी चाहिए, जिसको लाभ मिलना चाहिए, वह व्यक्ति वहां भी वंचित रह जाता है। उसके कल्याण के लिए, उसके बेटे को बेहतर तालीम दिलाने के लिए, उसे प्रशिक्षण देने के लिए हम क्या कर रहे हैं, इस पर भी गंभीरता के साथ विचार किए जाने की आवश्यकता है। जब तक हम इन मूल सवालों पर ध्यान नहीं देंगे, मैं नहीं समझता कि उन वर्गों के कल्याण के लिए कोई बहुत बड़ी बात हो सकती है।

मैं एक और निवेदन करूंगा। दुर्भाग्य यह है कि अनुसूचित जाति, जनजाति की विभिन्न प्रान्तों से जो सूची बनी हुई है, उसमें परस्पर कोई तालमेल नहीं है। हरियाणा में कोई जाति अनुसूचित जाति में है, उत्तर प्रदेश में वही अनुसूचित जाति में नहीं है। पंजाब में कोई जाति अनुसूचित जाति में है, बिहार में वह जाति अनुसूचित जाति में नहीं है। इससे बड़ा अहित होता है।

मेरे पास अभी एक नौजवान आया था। उसका एम.बी.बी.एस., बंगलौर में ऐडमिशन हो गया था। उसके बाद उससे पूछा कि तुम जिस जाति के हो, वह सर्टीफिकेट लाकर हमें दो। वह आगरा के कलैक्टर के पास गया। उन्होंने सूची देखने के बाद कहा कि फलां-फलां जाति अनुसूचित जाति में आती है। कर्नाटक सरकार ने कहा कि यह जाति हमारे यहां अनुसूचित जाति में नहीं आती। इसलिए सब कुछ होने के बावजूद भी वह प्रवेश से वंचित रह गया। आप कैसे तालमेल स्थापित करेंगे, कैसे कोआर्डीनेशन करेंगे, मैं नहीं जानता। इसे मैं आपके ऊपर छोड़ता हूं। लेकिन कभी-कभी पात्र व्यक्ति को भी इसलिए लाभ नहीं मिल पाता क्योकि विभिन्न राज्यों में बनने वाली अनुसूचित जाति, जनजाति की सूची में परस्पर कोई तालमेल नहीं है।

इसे भी आज देखे जाने की आवश्यकता है। मैं समझता हूं कि अगर आप इसे देखेंगे तो निश्चित रूप से कुछ वर्गों के साथ, कुछ नौजवानों के साथ जो नाइंसाफी होती है, वह बंद हो जाएगी।

मुझे एक निवेदन और करना है। आरक्षण की बात बहुत होती है, मैं उसके विस्तार में नहीं जाना चाहता क्योंकि आज की जो नई आर्थिक उदार नीति है, उसमें आरक्षण का मामला भी चौपट होने वाला है लेकिन जो बचा-खुचा आरक्षण है, उस पर सदन में और सदन के बाहर कई बार चर्चा हुई और आप जानते हैं कि करीब सौ एम.पीज़ ने प्रधान मंत्री जी को लिख कर दिया था कि एक कम्प्रीहैनसिव बिल बनना चाहिए। वह बिल आपके महकमे में धूल चाट रहा है। कुछ राज्यों में यदि अनुसूचित जाति, जनजाति का आरक्षण पूरा नहीं होता तो वहां दंड का प्रावधान है। भारत सरकार के पास इस तरह का कोई कानून या कोई एक्ट नहीं है। जब तक आरक्षण लागू करने वाले लोगों पर मनोवैज्ञानिक प्रभाव पैदा नहीं करेंगे, मनोवैज्ञानिक दबाव नहीं बनाएंगे, जब तक उनको यह डर नहीं होगा कि अगर उन्होंने आरक्षण को लागू नहीं किया तो उनके खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही होगी, तब तक आरक्षण का काम पूरा नहीं हो सकता। इसलिए मेरी प्रार्थना है कि मेहरबानी करके अगर इस काम को तत्काल कर सकें तो निश्चित रूप से एक अच्छा काम होगा।

अंत में मेरी एक प्रार्थना और है। अभी कुछ समय पहले अनैक्सी में प्रधान मंत्री जी ने जटिया साहब की पहल पर अनुसूचित जाति, जनजाति के सांसदों को बुलाया था। वहां उनका कमिटमैंटट था कि एक बार फिर सब लोगों को बुलाकर पूरे एक या दो दिन विस्तार से चर्चा होगी और उसमें हम अनुसूचित जाति, जनजाति की समस्याओं पर खुलकर चर्चा करेंगे। अगर उस चर्चा में सब लोगों का योगदान रहा तो मैं समझता हूं कि हम उन वर्गों के कल्याण में एक अहम भूमिका निभा सकेंगे।

15.00 hrs.

श्री थावरचन्द गेहलोत (शाजापुर) : माननीय सभापति महोदय, मैं सबसे पहले माननीय जटिया जी को और इस सरकार को इस बात के लिए बधाई देना चाहता हूं कि अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के लोगों के लिए, उनके हितों के लिए, उनके लिए बनी हुई योजनाओं को संरक्षण प्रदान करने के लिए यह संविधान अनुसूचित जातियां आदेश (संशोधन) विधेयक यहां प्रस्तुत किया है, जिस पर हम चर्चा कर रहे हैं।

वैसे अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के उत्थान के लिए, भेदभाव मिटाने के लिए, समानता का वातावरण बनाने की दृटि से बहुत लम्बे समय से इस देश में प्रयास होते रहे हैं। दयानन्द सरस्वती से लेकर महात्मा गांधी, अम्बेडकर जी और वर्तमान संसद तक यह क्रम जारी है। इस क्रम में एक बार नहीं, अनेकों बार, केन्द्र शासित प्रदेशों के लिए हो या राज्यों के लिए हो, किस जाति का कौन सा समूह किस वर्ग में होगा, कौन सी जाति अनुसूचित जाति होगी, इस प्रकार के विचार-विमर्श के बाद निर्णय लिए जाते रहे। वर्तमान सरकार ने इन वर्गों की भलाई के लिए 2-3 बहुत अच्छे कदम उठाये हैं, इसलिए मैं इन्हें बधाई दे रहा हूं और प्रशंसा भी कर रहा हूं। आपने और हम सब ने देखा कि लगभग छः साल पहले सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद 1997 में कुछ आदेश जारी हो गये, जिसके कारण से अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के लोगों को जो आरक्षण थे, उनको नौकरियों में जो छूट मिलती थी, उस पर वापस प्रतिबन्ध लग गये थे। संविधान में संशोधन करके, वे भी एक नहीं, तीन संशोधन किये गये और उन अधिकारों को या उन प्रावधानों को फिर से इस सरकार ने और इस संसद ने बहाल किया। उसके बाद केन्द्र की सरकार की ओर से आदेश जारी हो गये और जो रिक्त स्थान हैं या उनको आरक्षण में जो सुविधाएं मिलनी चाहिए थीं, रिलैक्सेशन मिलने चाहिए थे, वे फिर से बहाल कर दिये गये, इस पर कार्रवाई शुरू कर दी। वह कार्रवाई कुछ राज्यों में शुरू हुई है, कुछ विभागों में शुरू हुई है, पर बाकी में वह होनी शेा है। मुझे उम्मीद है कि आदरणीय जटिया जी और यह सरकार इस दिशा में तेज गति से प्रयास करके कुछ करेगी।

इसके साथ ही साथ मेरे पूर्व वक्ताओं ने सुझाव दिया कि जो नियम, कायदे-कानून बने हैं, अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के लोगों की जनसंख्या बढ़ी है, उस बढ़ी हुई जनसंख्या के आधार पर भी लाभ मिलनी चाहिए। इस सरकार ने एक निर्णय लिया है, जिससे लोक सभा और विधानसभाओं में अनुसूचित जातियों और जनजाति वर्ग के लोगों का प्रतिनिधित्व बढ़ेगा, उनकी संख्या बढ़ेगी। जो परिसीमन का कदम उठाया है, जब परिसीमन होगा तो इन्सानों की जनसंख्या के मान में अनुसूचित जाति और जनजाति की जितनी जनसंख्या बढ़ गई है, पहले 1971 के मान से थे, 20 साल में अनुसूचित जाति और जनजाति के वर्ग के लोगों की जितनी संख्या बढ़ी है, जितने प्रतिशत बढ़ी है, उतने प्रतिशत लोक सभा और विधानसभाओं में सीटों में भी वृद्धि होगी। आज नहीं तो कल, जब परिसीमन होगा और उसका परिणाम सामने आयेगा, तब इस सरकार ने जो कृत्य किया है, वह हमारे सामने दिखाई देगा और जब सामने दिखाई देगा तो हमें लगेगा कि यह एक सक्रिय प्रयास है।

इतना ही नहीं, संविधान समीक्षा की कार्रवाई भी इस सरकार के समय में हुई। भारत का संविधान लागू हुए 50 वर्ा हो गये। अम्बेडकर जी ने जब संविधान बनाया था, तब उन्होंने एक कल्पना की थी कि इस देश में अनुसूचित जाति, जनजाति और सामान्य वर्ग के बीच में भाईचारे का वातावरण बनेगा, अपनत्व पैदा होगा, समरसता का वातावरण बनेगा, छुआछूत मिटेगी और अमीरी और गरीबी की खाई में तेज गति से समानता आ सकेगी। उसके लिए 10 वर्ा की निर्धारित अवधि दी थी कि दस वर्ा में कुछ सक्रिय प्रयास करके इस दिशा में आगे बढ़ा जायेगा। उसमें एक बार में सफलता नहीं मिली तो फिर दस वर्ा बढ़ गये और 50 साल में पांच बार वह अवधि बढ़ा दी गई। लेकिन उसके बाद भी आज हम देखते हैं कि अनुसूचित जाति और जनजाति के वर्ग के लोगों को जिस स्तर पर ऊंचाई की ओर अग्रसर होना चाहिए था, समानता का वातावरण बनना चाहिए था, वह नहीं बना। इसीलिए आवश्यकता महसूस की गई कि क्या संविधान में जो प्रावधान किये गये हैं, उसमें किसी प्रकार की कोई खामी है। या संविधान में जो प्रावधान किया गए हैं, वे उपयुक्त हैं, परंतु उन पर अमल करने में किसी प्रकार की कोई खामी रही है। इस बात की समीक्षा के लिए सरकार ने संविधान समीक्षा आयोग बनाकर संविधान की समीक्षा भी कराई है। मेरी जानकारी के अनुसार शायद शासन को उसका प्रतिवेदन प्राप्त हो गया है। उस पर भी गम्भीरता से विचार होगा। मुझे विश्वास है कि यह सरकार इस दिशा में कदम उठाएगी और अनुसूचित जाति एवम् जनजाति वर्गों के लोगों की जो कठिनाइयां हैं, उनको दूर करने का प्रयास करेगी।

इस विधेयक में जो बातें रखी गई हैं, मैं उससे इधर-उधर जाने की कोशिश नहीं करूंगा, क्योंकि इन वर्गों के लिए बहुत सारी योजनाएं हैं, उन पर अलग-अलग बहस करने का यह अवसर नहीं है। इस विधेयक के माध्यम से कुछ जाति समूह अनुसूचित जाति में होने चाहिए, जनजाति में होने चाहिए, होने चाहिए या नहीं होने चाहिए, इस पर बहुत विचार-विमर्श के बाद कुछ निर्णय किए गए हैं। मैं केवल उनके बारे में कुछ कहना चाहूंगा। आज भी अनेक विसंगतियां हैं, जिनको ठीक करने की आवश्यकता है। जैसे राजस्थान और कुछ अन्य प्रांतों में मीणा जाति को अनुसूचित जनजाति माना जाता है, लेकिन कई राज्यों में वह इसके अंतर्गत नहीं आती। बिहार में धोबी जाति, रजक जाति अनुसूचित जाति में आती है, मध्य प्रदेश में भी 45 जिलों में केवल दो-तीन जिलों में उसे अनुसूचित जाति माना जाता है, बाकी के अन्य जिलों में नहीं माना जाता। अगर धोबी कपड़े धोता है, उसकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है, उसके प्रति समाज में कहीं न कहीं दूसरे दर्जे का व्यवहार होता रहा है, तो इस बात को लेकर अगर अगर उसे अनुसूचित जाति में सम्मिलित किया गया है, तो बिहार में तो वह अनुसूचित जाति में है, मध्य प्रदेश में भी तीन जिलों में है, फिर बाकी जिलों और दूसरे प्रांतों में वह कैसे सवर्ण हो गया, कैसे सम्पन्न परिवार का हो गया, यह समझ में नहीं आता। इसलिए क्यों नहीं उसको हर जगह अनुसूचित जाति में जोड़ा जाता ?

मध्य प्रदेश में धोबी समाज की ओर से एक बार नहीं, अनेक बार मांग पत्र इस बारे में प्रस्तुत किए गए हैं। इसी प्रकार से कुम्हार जाति के लोगों ने भी, प्रजापत समाज के लोगों ने भी मांग की है कि उन्हें अनुसूचित जाति में शामिल किया जाए। अगर केन्द्र सरकार को राज्य सरकार ने यह प्रस्ताव नहीं भेजा है तो आप वहां से इसे मंगाएं। इसके अलावा अनुसूचित जाति आयोग, सचिवालय और अन्य संस्थाओं ने जो सुझाव दिए हैं, उन पर अमल करने की कार्यवाही करनी चाहिए।

प्रस्तुत विधेयक में बहुत सारी बातें ऐसी हैं, जो हमारे मन में शंका पैदा करती हैं या लोगों के मन में ऐसे विचार आते हैं कि ऐसा क्यों हो रहा है। इसमें 24 वर्ग जाति समूह ऐसे हैं, जिनको अपवर्गीत किया जा रहा है। पहले वह अनुसूचित जाति और जनजाति में थे, लेकिन अब उनको इससे अलग किया जा रहा है। मैं पूछना चाहता हूं, देश की जनता के मन में शंका पैदा न हो, आखिर 24 जातीय समूह किस प्रकार से ऊपर उठ गए हैं, जो आप इनको हटा रहे हैं ? क्या कारण है कि इनको अप वर्गीत कर रहे हैं ? आप आठ और जोड़ रहे हैं, लेकिन 24 हटा रहे हैं। 50 जाति समूह ऐसे हैं, उसमें रविदास, रैदास और रविदासिया, इस प्रकार के जाति के पूरक नाम हैं। एक ही जाति में दो-चार पूरक जातियां हैं, क्या इस कारण से उनको शामिल कर रहे हैं, क्योंकि 50 ऐसे हो गए, आठ नए जोड़ रहे हैं और 24 जो पहले थीं,

उनको हटा रहे हैं। यह क्यों हटा रहे हैं ?

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री (डॉ. सत्यनारायण जटिया) : राज्य सरकारों की तरफ से मांग आई है कि इनको हटाया जाए इसलिए ऐसा कर रहे हैं।

श्री थावरचन्द गेहलोत : मंत्री जी ने जो जानकारी दी है, वह मुझे भी है। परंतु राज्य सरकारों ने इनको हटाने के क्या कारण बताए हैं, वह आप बताएं। मैं अनुसूचित जाति का हूं, क्या मैं सम्पन्न हो गया, कुछ तो कारण दिया होगा कि इस कारण इन जातियों को हटा जाना चाहिए। इसके लिए केन्द्र सरकार ने क्या प्रयास किया है, यह आप बताएं ? जाति कोई रोज-रोज नहीं बदलती है। अगर अच्छी नौकरी मिल जाए, तो आर्थिक स्थिति ठीक हो सकती है, लेकिन जाति नहीं बदल सकती। यह सुविधा जाति के आधार पर दी जा रही है। वर्ग समूह जातीय आधार पर बन रह हैं। उनको क्यों हटाया गया है, यह आपको राज्य सरकारों से भी पूछना चाहिए। जिन राज्य सरकारों ने ऐसी कार्यवाही की है और जो कारण बताए हैं, उससे संसद को भी अवगत कराना चाहिए। इसके अलावा उत्तर प्रदेश में कहार और धेलिया आदि जातियां आदिवासी सूची में हैं और कुछ अनूसूचित जनजाति में है। इसमें भी समस्या हो गई है। आप आन्ध्र प्रदेश का उदाहरण ले लें, भाग-I, प्रविटि-9 के स्थान पर निम्नलिखित किया जाए। इसमें बेड़ जाति पूरे प्रदेश के लिए थी, लेकिन अब इसको कुछ जिलों तक सीमित कर दिया। इसमें भी वही समस्या होगी। कुछ प्रान्तों में कोई जाति समूह सम्पन्न हैं, लेकिन वहां कोई नौकरी नहीं है। वहां के लोग दूसरी जगहों पर नौकरी करना चाहते हैं। जब वे दूसरी जगह जाते हैं, तो वे वहां उस जाति के समूह में नहीं हैं। इस वजह से उनको सुख-सुविधायें नहीं मिलती हैं। बहुत सारे लोग जब एक प्रान्त से दूसरे प्रान्त में नौकरी करने के लिए जाते हैं और एक जिले से दूसरे जिले में नौकरी करने के लिए जाते हैं, तो सवर्ण बन जाते हैं। इस प्रकार नहीं होना चाहिए। हमें इस समस्या पर गम्भीरता से विचार करना चाहिए। इस बारे में मै आपको एक उदाहरण दे सकता हूं।

सभापति महोदय : अब आप अपना भाण समाप्त करिए ।

श्री थावरचन्द गेहलोत : महोदय, मैं विाय से भिन्न नहीं बोल रहा हूं। मैं यह नहीं कहना चाहता हूं कि मेरे से पहले बोलने वाले माननीय सदस्यों ने विाय से भिन्न बहुत लम्बा-चौड़ा भाण दिया है। मैं विाय से संबंधित बात कह रहा हूं। मैं विाय की बात कह रहा हूं। आपका संरक्षण चाहता हूं, लेकिन अगर आपका आदेश है कि समाप्त करूं, तो मैं कर देता हूं। â€¦ (व्यवधान)

सभापति महोदय : मुख्य बिन्दू आपने रख दिया है। आप कन्क्ल्युड करिए।

श्री थावरचन्द गेहलोत : आप आदेश दे रहे हैं, तो मैं समाप्त कर रहा हूं।

मैं इस विधेयक का समर्थन करता हूं। सरकार को बधाई देना चाहता हूं, इस आशा के साथ कि इन वर्गों के ऊपर देश के विभिन्न राज्यों में जो कठिनाइयां व्याप्त हैं, उनको शीघ्रातिशीघ्र दूर करेंगे। मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

SHRI PAWAN KUMAR BANSAL (CHANDIGARH): Mr. Chairman, Sir, the hon. Member from the BJP side, initiating the discussion, tried to say as if this Government had paved a path of milk and honey for the people belonging to the Scheduled Castes. He even tried to seize this opportunity to ridicule, shut his eye to what really the Congress has done for them, which I would say is no favour to anyone but was our duty which we performed over the years. But no one can ever lose sight of the fact that right from day one, it was the Congress for whom it was an article of faith that if we want to really say on a future date that India has gained Independence, we will be able to say that only, as the Father of the Nation had said, if we wipe out the tears from the eyes of the poorest of the poor. That was the talisma he gave to the Congressmen, he gave to the countrymen. If ever you are in doubt, if ever you find your steps wavering, try to imagine the face of the poorest of the poor in your mind and then ask the question to yourself whether the steps that you are going to take would benefit that poor man or not, and if your answer is in the positive, you would automatically move forward, you would move in the right direction.

Sir, I do not want to take this opportunity to convert this debate into polemics of party politics. I want to confine myself only to two or three simple points, which I would like the hon. Minister to respond to thereafter.

Sir, very briefly I would only mention article 341.

I need not really read it. But it is because of the power under article 341 that the various Constitution Scheduled Caste orders are issued by the President from time to time.

Shri Ramji Lal Suman referred to a very pathetic condition resulting from variance in the lists from State to State. He cited an example where a person, a young boy who got job in a Government Department was deprived of the same because the State where he got the job refused to give him the certificate for the simple reason that despite the fact that his caste was mentioned in the list of Scheduled Caste in the State of his origin, it did not find mention in the second State. What I want to really mention here is still more pathetic.

For that, to be brief, I would like to give the example of Union Territory of Chandigarh. The Constitution (Scheduled Caste) (Union Territories) Order 1951 was amended on the reorganisation of Punjab in 1966. Paragraph 4 of this Order was amended to read as follows:

> "Any reference in this order to a Union Territory in Part I of the Schedule shall be construed as a reference to the Union Territory constituted as a Union Territory from the first day of November 1956. "

We are not concerned with this. The second part is:

"Any reference to a Union Territory in Part II of the Schedule shall be construed as a reference to the territory constituted as a Union Territory from the first day of November 1996. "

Sir, as I said yesterday in a different context I do not blame this Government for that. This was done even earlier when the Congress Government was there what I feel is that there is a passion with the people who are drafting laws, who are drafting the resolutions, who are drafting the Orders for this country to really dwell into the domain of uncertainties. They feel that the right law is drafted only if they use long winding words and phrases for that. Here they say: "Any reference to Union Territory in Part II of the Schedule shall be construed as a reference to the territory constituted as a Union Territory from the first day of November, 1996." Now what does this all mean? I will say what it comes to mean. Now in Part II, Chandigarh only is there. There is no 'reference' to any 'Union Territory' or anything as such. Chandigarh is in the Schedule. It is the Constitution Order for the Union Territories. Those two lines mean nothing but they have come to mean a lot for the people who are deprived of the right to get the caste certificates. Now how has this Order been interpreted of late? Here I would say that after the BJP Government came to power, only then that the Order has been interpreted in the way that many people have been deprived of the right to seek the S.C.certificates. What is said there? That is nowhere to be seen. You cannot infer from article 341. You can not infer from this Order. But what do they say? Any person, even if his caste finds mention in the list of the Scheduled Caste of Chandigarh, if that person has migrated to Chandigarh after 1st November, 1966, he is not entitled to get the Scheduled Caste certificate. There are cases. I would say this is a preposterous proposition.

Sir , Chandigarh is the Capital of Punjab and Haryana .There are people coming from other parts of the country. Chandigarh is a mini India. It is an example of that composite culture of India. But certainly people in large numbers are coming from both Punjab and Haryana States of which Chandigarh is the Capital. I am giving this only as an illustration. Let us say a person who is a *Ramdasia*. You would find this word missing. Let me not say for a moment "*Ramdasia"* because that is another mistake which this Government has made. I will refer to that later. Let me say a person who is registered as a *Ramdasi,* if a *Ramdasi* person in Punjab comes and settles in Chandigarh today, he will not get the certificate despite the fact that *Ramdasi* is a caste mentioned in the list of Chandigarh. Why so? This problem is arising daily. So far, this problem was arising for the people who were wanting to join some Government job. I know of cases. People came to me with the appointment letters. They need to produce the SC certificates.

There was a case when a young boy got a job in the Air Force. He was asked to produce S.C. certificate. His father had the certificate and his brother had the certificate but he was declined the certificate. So, he lost the job. Is this what you are talking of? I am sorry that Shri Rattan Lal Kataria is not here at the moment. Is this what your Government is doing for the people? This was unheard of and has happened for the first time. When we write to the administration, as normal red tape, files and files are being piled up one above the other but no solution is being found. All sorts of inexplicable explanations are being offered, not to the benefit of the poor but to their chagrin and to their dismay. This is being done to keep them out of job.

I would like to take this particular opportunity to make a request to the hon. Minister. If he wants to call me, I can go to him with all those papers. I do not know whether he would perform the good job that he did in his earlier Ministry. In his earlier Ministry he took a stand on something and has been shunted out to a different Ministry. I have all the regards for him. I have watched his work there. I have admired his work there. I would like to admire it here. I wish he stays here to rectify the malaise that prevails today, the malady that exists here. I wish he stays here and takes care of these things.

As in the example I have given, certificates are denied to these people. I do not know when these Constitution Orders were framed immediately after the Constitution, maybe, there was a basis, a substance or a reason for framing different Orders for different States and having different schedules and different lists for them. But today is it not time to frame a composite list for the entire country? I suppose that is absolutely necessary. Just consider the provisions of the Constitution under article 19. It is a Fundamental Right of any citizen to settle anywhere in the country. Do you not want a person from West Bengal to come over to Chandigarh or Punjab and settle there? If he belongs to a Scheduled Caste there, why should you deprive him of the benefit here? This would, in essence, mean that you are not really honouring the right that you have conferred upon him as a Fundamental Right under article 19. So, what are we talking about? What rights are we saying that we have really conferred on them? In this context, I would like to make only one point after the first two points.

The point is that the date that is somehow mentioned in the Constitution (Scheduled Castes) (Union Territories) Order should be deleted. It has no meaning. If Delhi − now, the National Capital Territory of Delhi − is a Union Territory, any person residing in Delhi for the time being if he belongs to any of the castes mentioned therein should get the certificate irrespective of when he came to Delhi. This should be done similarly in the case of Chandigarh and also Daman and Diu. This restriction about the date − in the case of Delhi, it is November, 1956; in the case of

Chandigarh, it is November, 1966; and in the case of Daman and Diu, it is perhaps 1987 − should have no meaning. Any person who belongs to a caste enumerated in the Schedule should be able to get the certificate. Secondly, I would urge the hon. Minister to take steps now to frame a composite list for the entire country.

The hon. Minister in his opening remarks mentioned yesterday that this Constitution Scheduled Castes Orders (Amendment) Bill comes after another such Amendment Bill that was of 2002 but was passed immediately thereafter because a peculiar situation had arisen particularly in Punjab over the synonyms *Ramdasi* and *Ramdasia*. There was an interpretation that *Ramdasi* is perhaps different from *Ramdasia*. In order to rectify that situation, a Bill was brought and that was a welcome piece of legislation. Then, again, perhaps the response of the Government was not a comprehensive one. It was a knee-jerk response. They did not know that if they were doing it for Punjab they ought to have done the same thing for Chandigarh also. It did not strike this Government. I had, before the official Bill was moved, introduced two amending Bills, one to that effect for Punjab and one for Chandigarh. Now, the Punjab-related Bill has been taken care of. Along with *Ramdasi, Ramdasia and Ramdasia* Sikh have been included and along with *Ravidasi, Ravidasia and Ravidasia* Sikh have been included , though the second one was not necessary because if a Sikh belong to a Scheduled Caste, he would be treated a Scheduled Caste. But, in any case, if you have added those, it does not really matter. However, you have not done the same for Chandigarh. Did no one bring to your kind notice that that is needed for Chandigarh? Did any one not bring to your kind notice the Private Member's Bill, which I have introduced? You could have picked it up from there. Kindly do it even now; otherwise the same anomalous situation would continue to bedevil the future of many people who may like to contest elections, who may like to seek jobs or work elsewhere. Such anomaly should be removed and removed forthwith, if you really mean to give the benefit of these things to the poor people.

Sir, I say so because earlier I was referring to the people seeking jobs. Of late, what has happened in Chandigarh is this. The students, whose parents have been in Chandigarh for as many as 36 years- say from 1966 which we have left far behind and now a new generation of people has come up, they are deprived of the right to get the S.C. certificate. They are not only not getting the certificates but they have been deprived of the chance to get even admissions in the schools there. So, please check up this factor that because of want of certificates which the Administration is not issuing they are not even granted admissions in the schools. There is a talk here that you provide conditions for those people to improve their lot, to educate themselves, to provide them the conditions to move forward in their lives but even in the Government schools, you are denying them admissions because you are not giving them certificates. So, this is the situation which prevails.

Sir, I would like to keep myself confined to these arguments without, as I said, getting into partisan politics. This is a matter which concerns each one of us. This is important for that vulnerable section of the society, the welfare of which we all standby. If we really mean what we say, if we do not want to have that disparity between our action and perception, kindly do something for them.

Sir, with these words, I would certainly welcome this present Bill but urge the hon. Minister to move forward at a good pace, not just satisfy himself by saying that there are a large number of recommendations, to the tune of 364 pending before him and from time to time the Government is taking action. It is time to take action immediately.

श्री आनन्दराव विठोबा अडसुल (बुलढाना) : सभापति महोदय, मैं इस बिल के समर्थन के लिये ख़ड़ा हुआ हूं। मैं अपने भाषण के शुरु में माननीय मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं।

मैं अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समिति का सदस्य होने के नाते, दो यूनियन का प्रेज़ीडेंट होने के बाद माननीय मंत्री जी कॉस्ट, सब-कॉस्ट का अनुभव ले रहे हैं, अनुसूचित जाति एवं. अनुसूचित जनजाति के लोग जो प्राब्लम फेस कर रहे हैं, उन सारी प्राब्लम्स को इक्ट्ठा करके हमारे मंत्री महोदय यह बिल लाये हैं। माननीय मंत्री जी की खासियत यह है कि जो भी पोर्टफोलियो इनके पास रहा है, उसमें जो पैंडिंग इश्यूज़ होते हैं, उन्हें हाउस में लाते हैं और डिसीजन देते हैं। जब लेबर मिनिस्टर थे, तब उसका अनुभव लिया। इसलिये मैं एक बार फिर से उन्हें धन्यवाद देना चाहता हूं।

सभापति जी, माननीय सदस्यों ने यह मुद्दा उठाया कि अगर कॉस्ट सर्टिफिकेट लेना है, हमारे पिता जी, फिर उसके पिता जी यानी दादा जी जब कभी स्कूल गये नहीं तो स्कूल लिविंग सर्टिफेकेट न होने के कारण बहुत प्राब्लम आती है। मेरा भी ऐसा अनुभव है कि गौंड और ग्वारी कॉस्ट के लिये भी यही बात है कि एक रिकार्ड के सामने गौंड लिखा हुआ है और एक रिकार्ड पर ग्वारी लिखा है....

सभापति महोदय : आप अगली तिथि पर अपना भाषण जारी रखियेगा। अब हम प्राइवेट मैम्बर्स बिल लेते हैं।